# STATE HEALTH SOCIETY, BIHAR
# राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना - 800 014
Pariwar Kalyan Bhawan, Sheikhpura, Patna- 800 014,
Tel : 0612-2290340, 2281545, Fax: 2290322, website: www.statehealthsocietybihar.org

संजय कुमार, भा. प्र. से.
सचिव, स्वास्थ्य
– सह–
कार्यपालक निदेशक

File No: SHSB/RI/385/12/ 1402
Dated 20/02/13

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी ।
बिहार।

**विषयः दिनांक 11.03.2013 से चलाये जाने वाले चौथे टीकाकरण सप्ताह हेतु राशि की विमुक्ति के सम्बन्ध में दिशा – निर्देश।**

**संदर्भः इस कार्यालय के पत्रांक : SHSB/RI/385/12/1002 दिनांक 05.02.2013**

महाशय / महाशया,

राज्य में नियमित टीकाकरण को और सुदृढ़ करने के उद्येश्य से चार टीकाकरण सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया है। इस क्रम में पूर्व में जुलाई 2012 से अक्टूबर 2012 के दौरान तीन टीकाकरण सप्ताह का आयोजन किये जा चुके हैं। साथ ही विदित हो कि इस कार्यालय के पत्रांक SHSB/RI/385/12/8082 दिनांक 19.09.2012 द्वारा राशि का आवंटन किया गया है।

चौथे प्रतिरक्षण सप्ताह के सफलतापूर्वक संचालन हेतु विभिन्न मदों में राशि का व्यय निम्नलिखित मापदंडो के अनुसार किया जाना है।

1. **शीत श्रृंखला सहायता** : प्रतिरक्षण सप्ताह के दौरान आईस पैक जमाने हेतु सभी Planned सत्र के लिए चार आईस पैक प्रति दिन जमाने के लिए तीन रूपये प्रति आईसपैक की दर से राशि का आंवटन दिया जा रहा है। इस राशि का उपयोग प्रतिरक्षण सप्ताह के दौरान आईस पैक जमाने हेतु किया जाना है।
2. **प्रचार–प्रसार** : कार्यक्रम के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु एक वाहन(पी० ए० सिस्टम सहित) 4 दिनों के लिए प्रति प्लानिंग यूनिट (20 से कम सत्र का आयोजन करने वाले यूनिट को छोड़कर) रखने का प्रावधान किया गया है। प्रत्येक वाहन (पी० ए० सिस्टम सहित) पर 800/– (आठ सौ रूपये) व्यय किये जाने का प्रावधान है। इसका उपयोग कार्यक्रम प्रारम्भ होने के **एक दिन पूर्व दिनांक 10.03.13 से किया** जाना है। इस वाहन से प्रचार प्रसार के साथ – साथ कार्यक्रम का अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण करवाना सुनिश्चित करेंगें।
3. **प्रखंड स्तर पर बैठक,**IEC Display **एवं मुद्रण कार्य हेतु** – प्रखंड स्तर पर बैठक, प्रशिक्षण,IEC Display एवं मुद्रण कार्य हेतु राशि का प्रबंध किया जा रहा है । इस हेतु 750/– रू0 प्रति प्लानिंग यूनिट की दर से राशि व्यय किये जाने का प्रावधान है।

4. **जिला स्तर पर बैठक,** IEC Display **एवं मुद्रण कार्य हेतु** – जिला स्तर पर बैठक,IEC Display एवं मुद्रण कार्य हेतु राशि का प्रबंध किया जा रहा है । इस हेतु 800/– रू0 की दर से राशि व्यय किये जाने का प्रावधान है।
5. **सत्र स्थल तक टीका पहुँचाने हेतु कुरियर की व्यवस्थाः** Alternate Vaccine Delivery के तहत प्रत्येक कुरियर को कैटेगरी 'ए', के क्षेत्रों के लिए प्रति सत्र स्थल 75/– (पच्चहत्तर रूपये) रू0 की दर से Planned सत्र हेतु भुगतान अनुमान्य है। जबकि बी. एवं सी. कैटेगरी के क्षेत्रों के लिए प्रति सत्र स्थल 50/– (पचास रूपये) रू0 की दर से Planned सत्र हेतु भुगतान अनुमान्य है।
6. **सत्र स्थल पर लाभार्थियों को लाने हेतु आशा कार्यकर्त्ता को देय प्रोत्साहन राशिः** इसके लिए नियमित प्रतिरक्षण के पार्ट सी में उपलब्ध राशि सी. 5.ए एवं सी. 5.बी के दिशा – निर्देश के अनुसार राशि का वितरण कराना सुनिश्चित करेंगें।
7. **ड्यू लिस्ट के तैयार करने हेतु 25/– रू0 प्रति सत्र स्थल** की दर से राशि का भुगतान किया जा सकता है।
8. प्रखंड स्तर पर प्रतिरक्षण सप्ताह की तैयारी एवं जानकारी उपलब्ध कराने के उद्येश्य से ए. एन. एम, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता को प्रशिक्षण हेतु प्रति प्रतिभागी 15/– रू0 की दर से व्यय किया जा सकता है।

इस कार्यक्रम का हर स्तर पर सघन पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण किया जाना आवश्यक है । इस हेतु नियमित प्रतिरक्षण के पार्ट सी. के एफ.एम.आर. कोड सं. सी.1.ए में आवंटित राशि का उपयोग किया जा सकता है। ये निर्देश पूरी तरह से लागू होने है **तथा सभी प्रा0 स्वा0 केन्द्र को राशि अवश्य ही 06.03.2013 तक बॉट दी जानी चाहिए। इस राशि की उपयोगिता का प्रमाण पत्र एवं खर्चे का ब्योरा राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार,** पटना को 28.03.2013 तक निश्चित रूप से उपलब्ध करा देना है। इस मद में आवंटित की राशि को पार्ट सी. के एफ.एम.आर. कोड सं. सी.1.आर. में दर्ज किया जाये।

विश्वासभाजन

20/2/2013

(संजय कुमार)

ज्ञापांक SHSB/RI/385/12/ 1402 दिनांक 20/02/13

प्रतिलिपिः

डा. पी हलधर, उप – आयुक्त (प्रति.), एम.. ओ. एच. एफ. डब्ल्यू ,भारत सरकार को सूचनार्थ प्रेषित।

सभी सिविल सर्जन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

सभी जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

क्षेत्रिय टीम लीडर, एन.पी.एस.पी.(डब्ल्यू.एच.ओ.), राज्य प्रतिनिधि, यूनिसेफ को सूचनार्थ एवं आवश्यक सहयोग हेतु प्रेषित।

20/2/2013

सचिव, स्वास्थ्य

– सह–

**कार्यपालक निदेशक**

## C.1.r State Specific requirement (3rd Revised)

| SL No. | Name of District | Physical Target 2011-12* (Physical indicator is ---No. of Access | Budget Allocation as approved in ROP 2011-12 | Q1 | Q2 | Q3 | Q4 | Variance |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Amount approved by GoI | | | | | | | |
| | Part - C FMR Code & Quarter | | | | | | | |
| 1 | Araria | | 496896 | 140084 | 187626 | 169186 | | 0 |
| 2 | Arwal | | 195574 | 59196 | 66294 | 66294 | 3790 | 0 |
| 3 | Aurangabad | | 496514 | 131631 | 174947 | 174946 | 14990 | 0 |
| 4 | Banka | | 633780 | 168695 | 230543 | 230542 | 4000 | 0 |
| 5 | Begusarai | | 1070140 | 273935 | 388403 | 388402 | 19400 | 0 |
| 6 | Bhagalpur | | 683882 | 178678 | 245517 | 245517 | 14170 | 0 |
| 7 | Bhojpur | | 597232 | 156178 | 211767 | 211767 | 17520 | 0 |
| 8 | Buxar | | 247816 | 84514 | 104271 | 59031 | | 0 |
| 9 | Darbhanga | | 1014244 | 271201 | 384302 | 358741 | | 0 |
| 10 | East Champaran | | 1509760 | 400440 | 578160 | 531160 | | 0 |
| 11 | Gaya | | 1891752 | 480258 | 697887 | 697887 | 15720 | 0 |
| 12 | Gopalganj | | 592110 | 153740 | 208110 | 208110 | 22150 | 0 |
| 13 | Jamui | | 373432 | 157968 | 214452 | 1012 | | 0 |
| 14 | Jehanabad | | 570442 | 102753 | 131630 | 131629 | 204430 | 0 |
| 15 | Kaimur | | 540996 | 146659 | 197489 | 196848 | | 0 |
| 16 | Katihar | | 734498 | 197367 | 273551 | 263580 | | 0 |
| 17 | Khagaria | | 504564 | 131024 | 185895 | 185895 | 1750 | 0 |
| 18 | Kishanganj | | 750156 | 195099 | 270149 | 270148 | 14760 | 0 |
| 19 | Lakhisarai | | 344913 | 101904 | 118520 | 118519 | 5970 | 0 |
| 20 | Madhepura | | 449272 | 127588 | 168882 | 152802 | | 0 |
| 21 | Madhubani | | 858820 | 225480 | 315720 | 315720 | 1900 | 0 |
| 22 | Munger | | 330246 | 96184 | 121776 | 112286 | | 0 |
| 23 | Muzaffarpur | | 956784 | 241811 | 340217 | 340216 | 34540 | 0 |
| 24 | Nalanda | | 889864 | 226581 | 317372 | 317371 | 28540 | 0 |
| 25 | Nawada | | 913340 | 241910 | 340365 | 331065 | | 0 |
| 26 | Patna | | 1027944 | 269876 | 401514 | 356554 | | 0 |
| 27 | Purnia | | 793679 | 202804 | 282788 | 282787 | 25300 | 0 |
| 28 | Rohtas | | 745644 | 197476 | 273714 | 273714 | 740 | 0 |
| 29 | Saharsa | | 568586 | 158969 | 215954 | 193663 | | 0 |
| 30 | Samastipur | | 1080414 | 274481 | 389222 | 389221 | 27490 | 0 |
| 31 | Saran | | 1228980 | 307395 | 438593 | 438592 | 44400 | 0 |
| 32 | Sheikhpura | | 236580 | 69670 | 82005 | 82005 | 2900 | 0 |
| 33 | Sheohar | | 204792 | 64393 | 74090 | 66309 | | 0 |
| 34 | Sitamarhi | | 851810 | 231140 | 324210 | 296460 | | 0 |
| 35 | Siwan | | 1120044 | 278876 | 395814 | 395814 | 49540 | 0 |
| 36 | Supaul | | 465318 | 126297 | 166946 | 166945 | 5130 | 0 |
| 37 | Vaishali | | 968571 | 241909 | 350451 | 350451 | 25760 | 0 |
| 38 | West Champaran | | 1170510 | 307965 | 439448 | 423097 | | 0 |
| | **Total** | | 28109899 | | | | | |
| | **State Retention** | | 18868101 | | | | | |
| | Grand Total (Allotted by GoI) | | 46978000 | | | | | |

22/2/2013

22/2/13

22/2/13